# INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH

## TERM EXAMINATION (2019-20)

HINDI-B Duration: 3 hours Class: IX

Date: 20-6-2019 Max. Marks: 80

**निर्देश:**

(1) इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड है: क,ख,ग और घ।

(2) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिये।

### खण्ड क(अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

साधु-संगत पढ़ रही थी और पाकिस्तान स्पेशल यात्रियों के इस जत्थे को लिए हुए छकाछक उड़ी जा रही थी। बाहर दूर तक रेगिस्तान फैला हुआ था। कभी-कभी बाजरे के खेत दिखाई दे जाते या फिर कहीं-कहीं पीले फूलों से लदे हुए बबूल के काँटेदार पेड़ दीख पड़ते। इनसे हटकर सारा दृश्य हरियाली से शून्य, वीरान और सुनसान था। पालासिंह खिड़की के बाहर देख रहा था। उसकी खुली हुई दाढ़ी धूल से अटी हुई थी। रेतीले मैदान से एक बगूला उड़ा और हवा के कंधों पर सवार गाड़ी के अंदर आ गया।

"खिड़की बंद कर दो", जत्थेदार जी बोले।

पालासिंह मुस्करा दिया-"यही तो हमारे देश का मेवा है, बादशाहो, तुम इसें रेत कहते हो, इस रेत के लिए तो मेरी आँखें तरस गईं।"

आज चौदह साल के लंबे अरसे के बाद पालासिंह देश जा रहा था। आज से चौदह साल पहले यह उसका अपना देश था। यह रेगिस्तानी देश। रावलपिंडी के पश्चिमी रेतीले इलाके में उसका गाँव था, घर-घाट था, जमीन थी, एक दुनिया थी। फिर न जाने क्यों लोगों के सिर पर पागलपन का भूत सवार हुआ और बैठे-बिठाए अपने पराए हो गए। पालासिंह अपना सब कुछ पीछे छोड़कर सरहद के इस पार चला आया। अब यूँ तो उसके पास सब कुछ था, घर-घाट था, माल-असबाब था, लेकिन वह दुनिया न थी। अपने दालान का कुँआ उसे कभी न भूला। वैसे तो उसे अपने देश की हर चीज प्यारी थी, लेकिन कुएँ से उसे विशेष स्नेह था।

(क) पाकिस्तान स्पेशल ट्रेन के बाहर का दृश्य कैसा था? 2

(ख) जत्थेदार जी ने खिड़की बंद करने के लिए क्यों कहा? 2

(ग) पालासिंह ने किसे 'अपने देश का मेवा' कहा तथा उसकी आँखें किस चीज के लिए तरस गई थीं? 2

(घ) पालासिंह का गाँव कहाँ पर था तथा उसे अपना देश क्यों छोड़ना पड़ा? 2

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

*लाख मंदिर जा के घंटियाँ तू बजा,*
*लाख माथे पे तू तिलक लगा,*
*लाख तू आरती के थाल सजा,*
*सब व्यर्थ है बिटवा.........*
*जो माँ–बाप का दिल तूने दिया दुखा।*
*जो माँ–बाप का दिल तूने दिया रुला।*
*लाख तू दान–पुण्य कमा,*
*लाख तू गंगा–स्नान को जा।*
*लाख ग्रंथ–पोथी पढ़–पढ़ के तू सुना।।*
*सब व्यर्थ है बिटवा.........*
*नतमस्तक हो जाता है वो दाता, वो परमेश्वर।*
*कुछ करना है तो माँ–बाप की सेवा कर।*
*जाग जाएगा तेरा सोया मुकद्दर।।*
*अभी कुछ नहीं बिगड़ा, जा उनके चरणों से लिपट जा।।*
*असली पुण्य यहीं है, अगर कमा सकता है तो इसे कमा।।*

(i) किन बातों को व्यर्थ कहा गया है और क्यों? (2)
(ii) किनकी सेवा करना भाग्य की बात कही गई है और क्यों? (2)
(iii) इस काव्यांश का मुख्य उद्देश्य क्या है? (2)

## खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

3. (क) दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए: (2)

1. ज्ञानी 2. संतुलन

(ख) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का उपयोग कीजिए: (1)

1. झडा 2. सकट

(ग) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिहन लगाइए: (1)

1. महगा 2. चाद

(घ) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर नुक़्ते का प्रयोग कीजिए: (1)

1. जालिम 2. फायदा

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए: (2)

1. पो+अन 2. अति+अंत

(ख) निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए: (2)

1. मतानुसार 2. सदैव

5. (क) <u>निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग-अलग करके लिखिए:</u> (2)

1. अनहोनी 2. प्रतिदिन

(ख) <u>दिए गए शब्दों में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग करके लिखिए:</u> (1)

1. मज़दूरी 2. सम्मानित

(ग) <u>निम्नलिखित में विराम चिह्न लगाइए:</u> (3)

1. आइए यहाँ बैठिए

2. मीरा ने कहा मैं कल स्कूल नहीं आऊँगी

3. समय नियोजन सफलता का मूल मंत्र

**<u>खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)</u>**

6. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u> (2+2+1)

1. मनुष्य के जीवन में पोशाक का क्या महत्त्व है?
2. तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ़ में क्या कहा?
3. तीसरे दिन सुबह अतिथि ने लेखक से क्या कहा?

7. **'संबंधों का संक्रमण के दौर से गुज़रना'- इस पंक्ति से आप क्या समझते हैं? 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ के आधार पर लिखिए।** (5)

**अथवा**

**बाज़ार के लोग खरबूज़े बेचने वाली स्त्री के बारे में क्या-क्या कह रहे थे? अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए।**

8. <u>दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u> (2+2+1)

1. 'ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै'- का भाव स्पष्ट कीजिए।
2. 'जहाँ काम आवे सुई कहा करे तरवारि'- का भाव स्पष्ट कीजिए।
3. रैदास ने अपने स्वामी को किन-किन नामों से पुकारा है?

9. **रैदास के दोनों पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।** (5)

**अथवा**

**रहीम आपसी प्रेम और दुख के बारे में अपने दोहों द्वारा हमे क्या सन्देश देना चाहते हैं?**

10. **लेखिका ने घायल गिल्लू की देखभाल किस प्रकार की तथा बड़ा होने पर लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?** (5)

## खंड-घ (लेखन)

11. दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों म अनुच्छेद लिखिए। (5)

(क) मस्ती की अधिकता: जीवन में हानिकारक

संकेत बिंदु: मस्ती क्या है? * अधिकता हानिकारक * दूर रहने के सुझाव

(ख) समय का सदुपयोग

संकेत बिंदु: समय का पहिया घूमता रहता है * जीवन में समय का महत्त्व * सदुपयोग कैसे करे?

(ग) प्रदूषण की समस्या

संकेत बिंदु: प्रदूषण का अर्थ * समस्या के कारण * समस्या के प्रकार * दुष्परिणाम और समाधान

12. खोया हुआ सामान वापस लौटाने के लिए किसी अपरिचित को धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपनी सहेली/मित्र को अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।

13. क्रिकेट मैच के परिणाम के बारे में दो दर्शकों के बीच संवाद को लगभग 50 शब्दों लिखिए। (5)

14. किसी प्रसिद्ध टूथपेस्ट का 25-50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

15. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को अपनी भाषा में लगभग 20-30 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। (5)




★—★—★—★—★—★—★—★—★—★—★—★